हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

11 अनाज मंडी में लगे गेहूं के अंबार, नहीं हुई खरीद


12 ओमेक्स सिटी में एक साल पहले ही बनाया नाला हुआ जर्जर


## खबर संक्षेप

### आरटीई के तहत 16 अप्रैल तक करें आवेदन

**बहादुरगढ़।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में आरक्षित सीटों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभिभावक दाखिले के लिए 16 अप्रैल तक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आवेदन कर सकते हैं। लाटरी प्रक्रिया के तहत 20 अप्रैल को बच्चों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 21 से 30 अप्रैल तक चयनित बच्चों को स्कूल अलॉट किए जाएंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने बताया कि आरटीई अधिनियम के तहत निजी स्कूलों को आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित रखना अनिवार्य है। जिन अभिवावकों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार या इससे कम है, वे अपने बच्चों का नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली कक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। बीईओ शेर सिंह ने बताया कि ब्लाक में 160 से अधिक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आरटीई के तहत दाखिले करवाए जाएंगे।

### गर्ल्स कॉलेज में दीक्षांत समारोह 18 को

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में तृतीय दीक्षांत समारोह एवं चतुर्थ पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन शनिवार 18 अप्रैल को किया जाएगा। प्रिंसिपल अलका गुलाटी के अनुसार इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। प्राचार्य ने बताया कि समारोह में भाग लेने वाली छात्राओं के लिए सफेद या क्रीम रंग के सूट या साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। डिग्री प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को शुक्रवार 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे महाविद्यालय में रिहर्सल के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### किसान भवन के पास से मोटरसाइकिल चोरी

**झज्जर।** शहर के गुरुग्राम रोड स्थित किसान भवन के नजदीक खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में खातीवास निवासी विकास ने बताया कि वह बीती आठ अप्रैल को अपनी बाइक लेकर स्थानीय कोर्ट में आया था। उसने अपनी बाइक किसान भवन के नजदीक सड़क पर खड़ी की और वह कोर्ट के अंदर चला गया। अपना काम करके जब वह वापिस पहुंचा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर तलाश भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### धर्मनगरी बेरी में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** धर्मनगरी बेरी में युवा जागृति एवं सामाजिक उत्थान मंच द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंच प्रधान दिनेश कुमार ने बताया कि प्रातः नौ बजे काठ मंडी स्थित अग्रवाल स्वागत भवन में रक्त एकत्रण का कार्य राष्ट्रीय कैंसर संस्थान बाढ़सा के ब्लड बैंक टीम द्वारा किया जाएगा। अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

### सिकंदरपुर गांव में रीढ़ स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**झज्जर।** सिकंदरपुर में रविवार को निःशुल्क रीढ़ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजक रामचंद्र गुर्जर व हरिकिशन ने बताया कि सुबह दस बजे दोपहर दो बजे तक चलने वाले इस शिविर में श्रीबालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट की चिकित्सीय टीम द्वारा पुनर्वास मूल्यांकन एवं परामर्श के साथ-साथ लोगों की बीपी, सीबीसी, ब्लड शुगर जांच की जाएगी। चेस्ट एवं घुटने का एक्स-रे, ऑर्थोपेडिक कंसल्टेशन व महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा भी जांच की जाएगी।

---

### बहादुरगढ़ में उत्तरी बाइपास का पहला चरण लगभग पूरा, दूसरे चरण को शुरू करने की तैयारी

**बहादुरगढ़ के उत्तरी क्षेत्र के विकास को लगेंगे पंख, मिलेगा नया रास्ता**

# नाहरा-नाहरी रोड से आसौदा तक 61 करोड़ में बन रही 9 मीटर चौड़ी सड़क, अब बिजली के खंभे हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। उत्तरी बाइपास के तहत किया जा रहा सड़क निर्माण। फोटो : हरिभूमि

शहर के यातायात को एक नया रूट देने और बहादुरगढ़ के उत्तरी क्षेत्र के विकास को पंख देने के लिए बनाए जा रहे उत्तरी बाइपास का पहला चरण पूरा होने को है। करीब 61 करोड़ रुपये की लागत से नाहरा-नाहरी रोड से आसौदा तक दोनों तरफ 9 मीटर की करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

बता दें कि शहर के उत्तरी बाइपास की मांग कई वर्ष पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी चलाया गया। फिर इसके डिजाइन को लेकर भी सवाल उठे। भूमि अधिग्रहण नहीं हो पाने के कारण इसे वेस्ट जुआं ड्रेन के ऊपर ही बनाया जा रहा है।

सेक्टर-9 मोड़ पर वर्तमान बाइपास के सामने ड्रेन से शुरू होकर यह लाइनपार के उत्तरी तरफ से परनाला, बराही से होते हुए आसौदा तक बनेगी। ड्रेन पर यह रोड खत्म होगी और वहां से आसौदा-खरखौदा रोड का इस्तेमाल कर दिल्ली-रोहतक रोड तक का सफर पूरा होगा।

#### दो चरण में होगा प्रोजेक्ट

तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दो चरणों में इसे मंजूरी दी थी। हरियाणा सरकार ने 13 दिसंबर 2019 को सीएम अनाउंसमेंट के तहत इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण के लिए 149.55 करोड़ तथा दूसरे चरण के लिए 124.33 करोड़ की राशि स्वीकृत की थी। पहले चरण के तहत शहर के नाहरी-नाहरी रोड से लेकर बराही होते हुए आसौदा में खरखौदा मार्ग तक 9 किलोमीटर लंबा मार्ग बनना है। दूसरे चरण में नाहरी-नाहरी रोड से लेकर परनाला होते हुए सेक्टर-9 मोड़ तक ढाई किलोमीटर सड़क बनने से यह प्रोजेक्ट पूरा होगा।

प्रथम चरण के तहत पीडब्ल्यूडी द्वारा सिंचाई विभाग को 103.142 करोड़ रुपये दिए गए थे। प्रोजेक्ट के पहले चरण में पहले आसौदा से नाहरा-नाहरी रोड तक ड्रेन की दोनों दीवारें बनीं। सिंचाई विभाग द्वारा नाहरा-नाहरी रोड से आसौदा तक करीब 9 किलोमीटर लंबी वेस्ट जुआं ड्रेन में सीसी की साढ़े 3 से लेकर साढ़े 4 मीटर ऊंची रिटेनिंग वॉल बनाई गई। लगभग 120 से 160 फीट तक चौड़ी ड्रेन में 60 फीट चौड़ी ड्रेन तैयार की गई। फिर सड़क निर्माण शुरू हुआ।

#### इस्कॉन मंदिर को बचाया

ड्रेन पर 11 पुल और दोनों किनारों पर 27-27 फिट चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। इस्कॉन मंदिर को बचाने के लिए सेल बॉक्स बनाने का टेंडर भी लगाया गया था। इसी क्रम में 19 सितंबर 2023 को 64 करोड़ 6 लाख रुपये का रिवाइज एस्टीमेट मुख्यालय को भेजा गया है। इस्कॉन मंदिर के पास ड्रेन में बॉक्स डालने का कार्य भी पूरा हो चुका है।

#### परनाला गांव के पास आरओबी भी बनेगा

उत्तरी बाइपास के पहले चरण का काम पूरा होने के साथ ही दूसरे चरण के निर्माण कार्य की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके लिए 124.33 करोड़ की प्रशासनिक मंजूरी है। पेड़ों की कटाई के लिए 1.29 करोड़, बिजली पोलों को हटाने के लिए 1.15 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। दूसरे चरण में नाहरा-नाहरी रोड से मुंगेशपुर ड्रेन पर सेक्टर-9 बाइपास चौक तक करीब दो किमी लंबी सड़क बनेगी। सेकेंड फेज में परनाला के पास रेलवे ओवरब्रिज बनेगा।

#### बाईपास बन जाने से जाम से छुटकारा मिलेगा



विधायक राजेश जून के अनुसार इस प्रोजेक्ट को सिरे चढ़ाने के लिए उन्होंने सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार बैठक की। उन्होंने बताया कि पहले चरण का कुल खर्च निर्धारित से डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। दूसरा चरण भी साथ-साथ शुरू हो जाएगा। शहर की उत्तरी तरफ भी बाइपास बन जाने के बाद लोगों को जाम से निजात मिलेगी और आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

#### सड़क निर्माण का काम तेजी से हो रहा



लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला के अनुसार उत्तरी बाइपास के पहले चरण के अंतर्गत ड्रेन के दोनों ओर 61 करोड़ रुपये से बनने वाली 9-9 मीटर चौड़ी सड़कों का काम तेजी से हो रहा है। दूसरे चरण को शुरू करने के लिए भी बिजली के खंभों को हटाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा।

---

## एशियन चैंपियनशिप में आज मैट पर उतरेगा दिनेश धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पहलवान दिनेश धनखड़।

किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रही सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में झज्जर जिले का पहलवान दिनेश धनखड़ शनिवार को मैट पर उतरेगा। हेवीवेट वर्ग में तेजी से उभरते इस पहलवान से कुश्ती प्रेमियों को मेडल की उम्मीदें हैं। दरअसल, छह अप्रैल से शुरू हुई यह चैंपियनशिप 12 अप्रैल तक चलेगी।

शनिवार को फ्री स्टाइल के मुकाबले होंगे। इन मुकाबलों के दौरान झज्जर जिले के पहलवान दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान पर भी नजर रहेगी। हेवीवेट 125 किलोग्राम वर्ग का यह पहलवान जिले के गांव गोयला कलां से है और गोधड़ी अखाड़े में अभ्यास करता है। भारतीय सेना में हवलदार है। एक तरफ जहां देशभर में देशी दंगलों में धाक जमा रहा है तो वहीं विश्व स्तर पर मैट की कुश्ती में भी देश का परचम लहरा रहा है। रैंकिंग सीरीज व एशियन चैंपियनशिप में पहले भी मेडल जीत चुका है। अब एक बार फिर शनिवार को दम दिखाने मैट पर उतरेगा। दिनेश ने कहा कि देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना उसका लक्ष्य रहेगा।

## शिशु तस्करी गिरोह का एक और सदस्य पंजाब से गिरफ्तार, अब तक 11 काबू

- 31 मार्च की रात को सरगना के साथ गाड़ी से निकलकर भागा था आरोपी जसप्रीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अंतरराज्यीय शिशु तस्करी गिरोह के मामले में जैसे-जैसे पुलिस जांच आगे बढ़ रही है, वैसे ही आरोपियों की संख्या और तस्करी किए गए शिशुओं का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक मामले में कुल 11 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और गिरोह द्वारा 50 से अधिक बच्चों की खरीद-बेच की बात सामने आई है। जांच आगे बढ़ने के साथ यह आंकड़ा और बढ़ेगा। वहीं, पहले से गिरफ्तार किए जा चुके छह आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिए गए। बता दें कि यह गिरोह जरूरतमंद परिवारों को निशाना बनाकर उनसे दो से तीन लाख रुपये में बच्चा खरीदता था और निसंतान दंपतियों को तीन गुना कीमत में बेच देता था। 31 मार्च को एक बच्चे को ले जाते हुए बहादुरगढ़ में पुलिस ने इस गिरोह को काबू किया था।

अभी हाल ही में गिरफ्त किए गए आरोपी की पहचान जसप्रीत के रूप में हुई है। जसप्रीत पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला है, वहीं से उसको काबू किया गया है। गत 31 मार्च की रात को दिल्ली बच्चा ले जाते वक्त जब पुलिस ने तीन आरोपी काबू किए थे तो उस दौरान एक अन्य गाड़ी से दो आरोपी भाग निकले थे। उन फरार आरोपियों में सरगना लाडी व जसप्रीत शामिल थे। अब जसप्रीत पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में पुलिस उससे सरगना लाडी सहित अन्य कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पूछताछ करेगी।

#### दो बच्चे किए जा चुके बरामद

एसीपी प्रदीप नैन ने कहा कि मामले में अभी तक 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सरगना सहित कई अन्य आरोपियों की तलाश में कई टीमें छापेमारी कर रही हैं। अब तक जांच में 50 से अधिक बच्चों की खरीद फरोख्त की बात सामने आई है, दो बच्चे रिकवर भी किए गए हैं। बच्चे खरीदने व बेचने वाले भी जांच में शामिल किए जाएंगे। यह गिरोह और इनका यह अवैध कारोबार कई राज्यों में फैला है।

**डीघल के साहिल हत्याकांड में पिता बोले**

## पूर्व सहयोगियों से पैसे के लेनदेन में हुई हत्या

- गांव के ही दो मुख्य आरोपियों की पहचान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। मृतक साहिल।

क्षेत्र के गांव डीघल में दिनदहाड़े की गई फाइनेंसर साहिल की हत्या मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं मृतक साहिल के पिता नरसिंह उर्फ कुक्कू पहलवान ने कहा कि उसके बेटे की हत्या किसी गैंग द्वारा नहीं की गई, बल्कि रुपये के लेनदेन के विवाद में गांव के ही दो युवकों ने की है। नरसिंह के अनुसार, दोनों ही साहिल के साथ फाइनेंस का काम करते थे और बाद में उनका आपस में विवाद हो गया, जिसकी रंजिश में हत्या की गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी कहानौर गांव क्षेत्र की थी, जिसे पांच हजार रुपये प्रतिदिन किराए पर लिया हुआ था। पुलिस विभिन्न पहलुओं को देखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

**आखिर क्या है मामला :** पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता नर सिंह उर्फ कूक्कू पुत्र कर्ण सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे उसे सूचना मिली कि उसका पुत्र साहित उर्फ सोनू जब गुरमीत के प्लॉट में बनी झोपड़ी में अपने साथियों के साथ हुक्का पी रहा था तो उसे गोलियां मार दी गई। उसके साथी उसे उपचार के लिए रोहतक के एक निजी अस्पताल ले गए। नर सिंह उर्फ कूक्कू के अनुसार इसके बाद जब वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संबंधित अस्पताल पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके पुत्र साहिल उर्फ सोनू की गोली लगने के कारण मौत हो चुकी थी। जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो पता चला कि उसका लड़का साहिल गुरमीत के प्लॉट में अपने साथी प्रवीण व सुजेश के साथ हुक्का पी रहा था। इसी दौरान गांव का लीला नामक युवक अपने साथी योगेश व अन्य चार-पांच युवकों के साथ वहां पहुंचा तथा उन्होंने उसके पुत्र को गोली मारी। उसे शक है कि उसके पुत्र को गोली मारने की साजिश में आरोपी युवकों के साथ अन्य व्यक्ति भी शामिल है।

## मीट की 19 अवैध दुकानों को थमाए नोटिस, 3 दिन का अल्टीमेटम

- वार्ड 15 में 9 दुकानदार और वार्ड 31 में 10 दुकानदार को नोटिस जारी किए
- खुद दुकान बंद करने के दिए निर्देश, इसके बाद होगी सीलिंग व एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद ने शहर में अवैध रूप से संचालित मीट/मांस की दुकानों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 19 दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिसों के जरिए संबंधित संचालकों को तीन दिन के भीतर अपना पक्ष रखने और दुकान बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद नगर परिषद सीलिंग की कार्रवाई शुरू करेगी। एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है।

दरअसल, शहर के कई घनी आबादी वाले इलाकों में अवैध रूप से मीट की बिक्री की जा रही है और खुले में पशुओं का वध भी किया जा रहा है। किसी भी संचालक के पास वैध लाइसेंस नहीं है और अवैध तरीके से यह काम चल रहा है। आखिरकार इस दिशा में अब नगर परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट 1973 के तहत बिना स्लॉटर हाउस परमिशन के मीट/मांस की बिक्री करना नियमों के खिलाफ है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि बिना अनुमति दुकान चलाना अवैध है। यदि 3 दिन के भीतर दुकानदारों ने अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया और अवैध गतिविधि बंद नहीं की तो नगर परिषद दुकान को सील करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई करेगी। यह कार्रवाई पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु और सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा की अगुवाई में की गई। वार्ड 15 में 9 दुकानदार और वार्ड 31 में 10 दुकानदार को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आगे और दुकानों को भी इस कार्रवाई के दायरे में लाते हुए सख्त कदम उठाए जाएंगे।


बहादुरगढ़। नोटिस थमाता कर्मचारी।

**पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया**

## बहादुरगढ़ को मिली 'दृष्टि', उद्यमियों के सहयोग से लगे 167 कैमरे

**बीसीसीआई और एफपीए के सहयोग से लगे कैमरों से शहर की निगरानी हुई मजबूत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। उद्यमियों के साथ प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा करती डॉ. राजश्री सिंह।

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फुटवियर पार्क एसोसिएशन और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से सिरे चढ़ी सिटी सर्विलांस परियोजना दृष्टि का पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह ने उद्घाटन कर इसे शहरवासियों को समर्पित किया।

दृष्टि परियोजना के तहत बहादुरगढ़ शहर में 57 प्रमुख स्थानों पर कुल 167 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां से 24 घंटे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इस सिस्टम के माध्यम से पुलिस को अपराधों पर अंकुश लगाने, संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने और औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने में बड़ी मदद मिलेगी। शुक्रवार को डीसीपी मुख्यालय दीप्ति गर्ग, डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा, डीसीपी शुभम सिंह, डीसीपी झज्जर धारणा यादव, एसीपी प्रदीप खत्री सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कमिश्नर ऑफ पुलिस डॉ. राजश्री सिंह ने प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बीसीसीआई और फुटवियर पार्क एसोसिएशन के पदाधिकारी राजकुमार गुप्ता, सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी, नरेंद्र छिकारा, रमेश गुप्ता, पवन जैन, संजय नारंग, अजय खट्टर, देशराज, सचिन अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता और आशु आदि मौजूद रहे।

#### ऑनलाइन ट्रैफिक चालान भी होंगे



पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह ने बताया कि ये कैमरे हाई-रेजोल्यूशन होने के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से लैस हैं। इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और निगरानी पहले से अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। इस सिस्टम का कंट्रोल रूम सिटी थाना में स्थापित किया गया है। यहां से पूरे शहर की गतिविधियों पर एक ही स्थान से नजर रखी जाएगी। इससे पुलिस की कार्यक्षमता में इजाफा होगा और अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ उनके शीघ्र खुलासे में भी मदद मिलेगी। इस सिस्टम के जरिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्ती से नजर रखी जाएगी और फुटेज के आधार पर उनके चालान किए जाएंगे। यह व्यवस्था शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ट्रैफिक प्रबंधन को भी बेहतर बनाएगी।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए के नजदीक गाड़ी की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव मारौत निवासी करीब 25 वर्षीय संजीव पुत्र दिलावर के तौर पर हुई है। मृतक के भाई सचिन ने बताया कि वीरवार को उसका बड़ा भाई संजीव अपनी मोटरसाइकिल पर किसी निजी काम से गुरुग्राम जिले के फार्रुखनगर गया था। शाम करीब सात बजे उसे सूचना मिली की उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है जो शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी गई शिकायत में गाड़ी के नंबर से भी अवगत कराया गया है।



# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।

लाइफ Style



# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



## शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



## अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

### 757 किसानों के गेट पास बनाए, 46011 क्विंटल गेहूं की हुई आवक

# अनाज मंडी में लगे गेहूं के अंबार, नहीं हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले की अनाजमंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। जिसके कारण मंडी परिसर में गेहूं की ऊंची ऊंची ढेरियां लगी हुई है और जगह भी कम पड़ने लगी है। इसलिए जेसीबी की सहायता से आढ़तियों द्वारा गेहूं को ऊपर किया जा रहा है। शुक्रवार को स्थानीय अनाजमंडी में 46011 क्विंटल गेहूं पहुंचा। आढ़तियों का कहना है कि यदि आवक को ध्यान में रखते हुए उठान कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आगामी दिनों में गेहूं उतारने वाले वाहनों को आवागमन में परेशानी आएगी। इसलिए सरकार को चाहिए कि वह खरीद व उठान कार्य में भी तेजी लाए। हालांकि शुक्रवार को गेहूं की कोई खरीद नहीं हो पाई। मंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि कुल 757 किसानों के गेट पास बनाए गए जिनसे 46011 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई है। अभी तक मंडी में कुल 6033 गेट पास के माध्यम से कुल 357189 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसके अलावा अभी तक 18500 क्विंटल गेहूं की फसल का उठान भी हो चुका है।



झज्जर। जेसीबी की सहायता से गेहूं को ऊपर उठाते हुए चालक। फोटो : हरिभूमि

## किसान खेत मजदूर संगठन ने अनाज मंडी में किया प्रदर्शन




बहादुरगढ़। अनाज मंडी में नारेबाजी करते किसान संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर की अनाज मंडी में फसल खरीद पर लगाई गई किसान-विरोधी बेतुकी शर्तों और नए नियमों के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंडी में जुलूस निकालते हुए सरकार के विरोध में नारेबाजी की। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी, जिला कमेटी सदस्य रामकिशन व सतबीर सिंह बल्हारा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसलों की खरीद के लिए लगाई गई शर्तों और नए नियमों के कारण किसान बेहद परेशान हैं। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, ट्रैक्टर व ट्रॉली पर नंबर प्लेट, मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल से मिलान और पोर्टल का ठप रहना किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नए नियम धीरे-धीरे एमएसपी पर चल रही खरीद को खत्म करने की दिशा में ताजा कदम है। प्रदर्शन में राजबीर सिंह छिल्लर, सतीश कुमार, लालजी तथा देवेंद्र कुमार आदि ने इन बेतुकी शर्तों और नए नियमों को वापस लेने की मांग की।



झज्जर। अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## डीसी ने मातनहेल अनाज मंडी का किया दौरा, खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

- आढ़तियों व किसानों की समस्याएं सुनीं, समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए

झज्जर। शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र ने अधिकारियों के साथ मातनहेल अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने छुछकवास मार्ग पर स्थित अनाज भंडारण के गोदामों का निरीक्षण करते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन और अन्य खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरसों व गेहूं के खरीद कार्य को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी रखें। उन्होंने खासतौर पर भंडारण की बेहतर योजना पर जोर दिया, ताकि पीक सीजन के दौरान अनाज की लिफ्टिंग को लेकर किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां अनुमानित आवक का सही अध्ययन कर अपनी रणनीति तैयार करें, ताकि मंडियों में भीड़भाड़ न हो और किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न आए। इसके अलावा, मंडी में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आढ़तियों व किसानों से भी बातचीत कर समस्याएं सुनीं और समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## इनेलो ने आसौदा मंडी में धरना-प्रदर्शन किया



बहादुरगढ़। आसौदा मंडी में प्रदर्शन करने पहुंची शीला राठी व अन्य।

*बहादुरगढ़। भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर थोपे गए नए नियमों के विरोध में इनेलो ने आसौदा अनाज मंडी में किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी की अगुवाई में दिए गए धरने में किसानों को आश्वस्त किया गया कि इनेलो उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव साथ है। शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि फसल खरीद, भुगतान में देरी, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में खामियां और तकनीकी दिक्कतों के कारण किसान परेशान हैं। सरकार की नीतियों के चलते किसानों को अपनी ही फसल बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इन फैसलों को तुरंत वापस ले। यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो इनेलो पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। इनेलो पहले भी किसानों के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। भाजपा सरकार ने पहले किसानों को दस्तावेजों में उलझाया और अब बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी शर्त जोड़कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। किसान को राहत देने की बजाय परेशान करना उचित नहीं है। इस मौके पर रामनिवास सैनी, महेंद्र सिंह दलाल, धर्मबीर फौजी, योगेंद्र राठी, राजबीर परनाला, रामधन दलाल, भूप सिंह राठी, जय सिंह गिधालिया, अतरे पंडित, सन्नी दलाल, मंजीत नंबरदार, राजपाल खत्री, सज्जन सैनी, जयभगवान जोगी, देवेंद्र दहिया व सन्नी छिकारा आदि मौजूद रहे।*

## बहादुरगढ़ में खरीद के साथ उठान प्रक्रिया पकड़ रही गति

*बहादुरगढ़। क्षेत्र की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को बहादुरगढ़ और आसौदा मंडियों में कुल 154 गेट पास कटे, जिसके बाद बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में पहुंचे। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में आखिरकार उठान का कार्य शुरू हो गया है। यहां अब तक करीब 584 क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है, जबकि कुल खरीद ढाई हजार क्विंटल तक पहुंच गई है। वहीं आसौदा मंडी में खरीद का आंकड़ा 26 हजार 293 क्विंटल तक पहुंच गया है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक यहां अब तक करीब 5 हजार क्विंटल गेहूं का उठान भी किया जा चुका है।*

## नेहरू कॉलेज में दिखाई एचआईवी एड्स पर डॉक्यूमेंट्री



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस क्लब और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नोडल अधिकारी अशोक कुमार और हर्षिता शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रताप फलसवाल ने की। इस दौरान एचआईवी एड्स पर शैक्षणिक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा मोबाइल के ज्यादा उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत रहने का परामर्श दिया। इस अवसर पर रसायनशास्त्र प्राध्यापक राकेश पसरीजा, अंजू देवी, चिंकी, रुचिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जनसहभागिता से मजबूत होगा स्थानीय वित्तीय ढांचा : डीसी

झज्जर। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 27 जून 2025 की अधिसूचना के तहत सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है। यह आयोग संविधान के अनुच्छेद 243-आई एवं 243-वाई, हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 213 तथा हरियाणा वित्त आयोग नियम, 1994 के अंतर्गत कार्य करते हुए राज्य में पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करेगा। आयोग द्वारा पारदर्शी एवं सहभागी प्रक्रिया को अपनाते हुए आमजन, जनप्रतिनिधियों, संस्थानों, विषय विशेषज्ञों, संगठनों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

# मंदिर में लगे शिविर में लोगों का जांचा स्वास्थ्य

## चिकित्सकों ने जरूरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाओं का वितरण किया

- स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा शुक्रवार को बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। जिसमें लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर संचालक डॉक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

### ऑटो-पे और सब्सक्रिप्शन फ्रॉड से सावधान

## साइबर ठग फर्जी एप और वेबसाइट के जरिए उड़ा रहे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्तमान में साइबर अपराधी लोगों को नए-नए तरीकों से ठगी का शिकार बना रहे है। जिला पुलिस की ओर से भी नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस ने आमजन को ऑटो-पे, सब्सक्रिप्शन और ऑटो-डेबिट से जुड़े साइबर फ्रॉड को लेकर सतर्क किया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिला वासियों से मोबाइल एप्स, वेबसाइट्स और ऑनलाइन सेवाओं पर ऑटो-पे की सुविधा का उपयोग करते समय सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी ने बताया कि हाल ही में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें साइबर ठग लोगों को फर्जी एप या वेबसाइट के माध्यम से सब्सक्रिप्शन दिलवाकर उनके बैंक खाते या यूपीआई से ऑटोमैटिक पैसे कटवा लेते हैं। कई बार यूजर्स अनजाने में ओटीपी डालकर या अलाऊ ऑटो डिबेट पर क्लिक करके खुद ही ठगों को अनुमति दे देते हैं।

> **ऑटो-पे मेनडेट्स को रद्द करवाएं**
>
> एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खाते से बिना जानकारी के पैसे कट रहे हैं, तो तुरंत संबंधित बैंक को सूचित करें और ऑटो-पे मेनडेट्स को रद्द कराएं। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को भी दें। साइबर ठगी की किसी भी स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबर क्राइम.जीओवी.इन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

## व्यावसायिक सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी पर पंजीकरण जरूरी : एसडीएम



रेणुका नांदल, एसडीएम बेरी।

बेरी। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि उपमंडल क्षेत्र में एलपीजी गैस को लेकर स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि सरकार व संबंधित विभाग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति को विनियमित करने के लिए नए आदेश लागू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि अब व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का वितरण जिला स्तरीय कमेटी की बजाय तेल विपणन कंपनियों द्वारा सीधे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेरी क्षेत्र के सभी व्यावसायिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को व्यावसायिक सिलेंडर प्राप्त करने के लिए अधिकृत गैस एजेंसी या वितरक के पास अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## समाधान शिविरों में दर्ज 5833 शिकायतों में से 172 बकाया



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अधिकारी।

- अधिकारियों से मौके पर ही प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में कुल 5833 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 172 शिकायतें ही पेंडिंग हैं। उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर बिना विलंब संबंधित पोर्टल पर भेजी जाए।

# सीजेएम ने कानूनी सहायता केंद्र का किया औचक निरीक्षण

- उपस्थित लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। कानूनी सहायता केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने नागरिक अस्पताल स्थित कानूनी सहायता केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीजेएम ने बताया कि जिले के सभी खंडों के एक-एक गांव में कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां कोई भी व्यक्ति प्रत्येक रविवार को पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वॉलंटियर से मुफ्त कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त कर सकता है। हर बुधवार को पैरा लीगल वॉलंटियर द्वारा लोगों को मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 11 मुफ्त कानूनी सहायता केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें नागरिक अस्पताल झज्जर, बेरी, बहादुरगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बादली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मातनहेल और माछरौली शामिल हैं।

### आईजीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन, देश की समृद्धि के लिए आत्मनिर्भरता और कौशल विकास पर दिया जोर

# ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से 140 शोधपत्र प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र, वाणिज्य विभाग और पर्यटन एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसएन सचदेवा और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एसके अग्रवाल अध्यक्ष जीएनजी ग्रुप गुरुग्राम तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो.अश्वनी महाजन उपस्थित थे। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी व कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संगोष्ठी की संयोजक एवं कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र की निदेशक प्रो. रितु बजाज ने सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि प्रो. अग्रवाल ने इंडस्ट्री एवं अकेडमिक पर्यावरण का संयोजन करते हुए विद्यार्थियों में उद्यमशीलता को बढ़ाने पर जोर दिया। कुलपति प्रो. कंबोज ने सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया। कार्यक्रम की धन्यवाद प्रस्तावना वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र ने रखी। कार्यक्रम में योगदान देने वाली आयोजन टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्वदेशी प्रदर्शनी एवं आइशर मोबाइल फैक्ट्री ऑन व्हील्स की प्रदर्शनी में प्रस्तुति रखने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 230 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से 140 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें 55 पेपर ऑनलाइन माध्यम और 85 पेपर ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए गए। इसके लिए अलग-अलग सत्र समानांतर रूप से आयोजित किए गए थे। सम्मेलन में पांच ऑनलाइन एवं सात ऑफलाइन सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र से बेस्ट पेपर भी घोषित किए गए। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रो. अदिति शर्मा, प्रो. तेज सिंह, प्रो. रविंद्र, प्रो. रश्मि पुंडीर, प्रो. संजय हुड्डा, प्रो. करण सिंह, प्रो. समृद्धि, आयोजन सचिव डा. ममता अग्रवाल और डा. भारती सहित सभी समिति संयोजक, सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन डा. कुसुम यादव और डा. ईश्वर शर्मा ने किया।

## जीपीएस रोवर से होंगे भूमि पैमाइश और निशान देही संबंधी कार्य : डीसी



झज्जर। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में आयोजित जीपीएस रोवर प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने निरीक्षण किया और राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेनर्स से जीपीएस रोवर के माध्यम से जमीन की पैमाइश की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों के लिए यह प्रशिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भविष्य में जमीन से जुड़े सभी मापन कार्य जीपीएस रोवर तकनीक से ही किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जमीन की पैमाइश को डिजिटल स्वरूप देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे न केवल कार्य में तेजी आएगी बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मैनुअल पैमाइश की तुलना में जीपीएस रोवर से की गई पैमाइश अधिक सटीक और विश्वसनीय होती है। इससे जमीन की निशानदेही, सीमांकन और अन्य संबंधित कार्य अधिक सरल और प्रभावी ढंग से पूरे किए जा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मई को

**झज्जर।** जिले में आगामी नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विभाग, भूमि अधिग्रहण, बिजली व पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इस राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाएं।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित के रूप में हुई है। बादली का रहने वाला है। लाडपुर मोड़ के पास से उसको काबू किया गया। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल बरामद हुई। उसके खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### पिता को तलाशने की गुहार लगाई

**बहादुरगढ़।** शहर के महावीर पार्क का निवासी एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। महावीर पार्क के निवासी रोहित का कहना है कि उसके पिता करीब 60 वर्षीय रवींद्र गत छह अप्रैल की सुबह ओमेक्स जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सेक्टर 6 थाने से जांच अधिकारी मुकेश कुमार का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

### आंबेडकर जयंती पर 14 को निकाला जाएगा रोड शो

**बहादुरगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को लाइनपार के आंबेडकर भवन में उत्साह के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सांसद दीपेंद्र हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर सभा के प्रधान उमेद सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रोड शो भी निकाला जाएगा। इसमें 200 बाइक, कई गाड़ियां व काफी लोग शामिल रहेंगे। डिग्गी वाले रोड से विभिन्न मार्गों से होते हुए रोड शो आंबेडकर भवन तक पहुंचेगा। इसकी अगुवाई नवीन कुमार करेंगे। यूपीएससी परीक्षा में पास हुई बेटी मानसी का कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा।

### कई जगह स्लैब धंसने से खुला पड़ा है नाला, हादसों का खतरा

# ओमेक्स सिटी में एक साल पहले ही बनाया गया नाला हुआ जर्जर

**रेजिडेंट्स का आरोप, नाले के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते इतनी जल्दी यह जर्जर हो गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की ओमेक्स सिटी में करीब एक साल पहले तैयार किया गया नाला अब बदहाली का शिकार हो चुका है। निर्माण के इतने कम समय में ही नाला कई स्थानों से टूट-फूट गया है और ऊपर डाले गए स्लैब लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई जगह स्लैब धंस चुके हैं, जिससे नाला खुला पड़ा है और लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय निवासी रवींद्र शर्मा, अजीत सिंह, नरेंद्र, प्रवीण कुमार आदि के अनुसार, यह नाला मुख्य रास्तों के किनारे बना हुआ है, जहां दिनभर आवाजाही रहती है। ऐसे में किसी भी समय कोई राहगीर, बच्चा या वाहन इसमें गिर सकता है।

खासकर रात के समय और बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि पानी भरने से नाले की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। रेजिडेंट्स का आरोप है कि नाले के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते इतनी जल्दी यह जर्जर हो गया। कई बार संबंधित विभाग और नगर परिषद को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। रवींद्र शर्मा ने बताया कि सिर्फ एक साल में ही नाला टूट गया, इससे साफ है कि काम में भारी लापरवाही हुई है। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा हादसा तय है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने, मजबूत स्लैब डालने और अस्थायी रूप से बैरिकेडिंग करने की मांग की है।



बहादुरगढ़। ओमेक्स सिटी में क्षतिग्रस्त हुआ नाला। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। अग्रसेन चौक के नजदीक बने गहरे गड्ढे में हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

### महाराजा अग्रसेन चौक पास मुख्य सड़क की हालत बदतर

# सड़क बनी तालाब, वाहन चालक परेशान, दुर्घटना होने का अंदेशा

**जल्द शुरू होगा सड़क का निर्माण कार्य : सैनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय महाराजा अग्रसेन चौक के नजदीक मुख्य सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। बीते दिनों हुई हल्की सी बरसात ने ही सड़क की हालत खस्ता कर दी है।

सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गई है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में जलभराव होने से वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहिया वाहन चालक रोजाना गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि बड़े वाहन भी गड्ढों में फंस रहे हैं। इसी सड़क के सामने एक निजी स्कूल भी है। जिसमें सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करने आते है। जिसके कारण उन्हें भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रात के समय पानी भरे गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**समस्या संज्ञान में**

वहीं नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि समस्या उनके संज्ञान में है। जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### सूर्या की मार्केटिंग मीट का आयोजन

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को सूर्या रोशनी लिमिटेड कंपनी ने स्टील ट्यूब एंड पाइप मिशन 1.5 मिलियन मार्केटिंग मीट का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वसुधा सूर्या जैन ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कंपनी के सीईओ गौरव जैन, ईडी नरेश सिंघल, ईडी आशीष अग्रवाल, प्लांट हेड एनएस सिंगला, सीआर प्लांट हेड नीरज गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट आशीष मित्तल और प्रेसिडेंट संजय सिंघे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में देशभर से आए कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर्स ने भाग लिया। इस दौरान एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसके माध्यम से कर्मचारियों को 1.5 मिलियन वार्षिक उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। विदित है कि सूर्या रोशनी लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1973 में पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा की गई थी।

# दमकल कर्मियों ने तीसरे दिन भी हड़ताल कर नारेबाजी की



बहादुरगढ़। दमकल केंद्र में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**फरीदाबाद के हादसे में जान गंवाने वाले दो कर्मचारियों को मिले शहीद का दर्जा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दमकल कर्मचारियों की हड़ताल नहीं थम रही। तीसरे दिन शुक्रवार को भी कर्मचारियों ने धरना देकर नारेबाजी की और जोर शोर से अपनी मांग उठाई। गत आठ अप्रैल को दमकल कर्मियों ने ये हड़ताल शुरू की थी, जो शुक्रवार को तीसरे दिन प्रवेश कर गई। कर्मचारियों ने कहा कि फरीदाबाद के जसमेर गांव में हुए हादसे में हमारे दो कर्मचारियों की जान चली गई थी। उनको शहीद का दर्जा दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज उठाई जा रही है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी मांग जायज है और इन्हें जल्द पूरा किया जाए। जब तक मांग पूरी नहीं होती, विरोध जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

प्रधान नवीन कुमार, पवन कुमार उपप्रधान, सचिव पवन दलाल, खजांची श्रीभगवान, नगर पालिका कर्मचारी संघ से राज्य संगठनकर्ता राजपाल, विकास, मनीष, राजेश जून, तारीफ, सुरेंद्र, उपदेश, राजेश, सतीश, धर्मेंद्र, संदीप कादियान, संदीप हुड्डा, आशीष, भूपेंद्र, मुकेश आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते विषय विशेषज्ञ।

### विद्यार्थियों को किया एड्स के प्रति जागरूक

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के तहत एचआईवी एड्स विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर रजनी दुआ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वाईआरसी व रेड रिबन क्लब द्वारा गतिविधियां करवाई गई। काउंसलर डॉक्टर सिल्की जैन व डॉक्टर अनीता देवी द्वारा विद्यार्थियों को नेशनल टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर हेल्पलाइन नंबर 1097 व नाको एड्स एप के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में सरल व प्रभावशाली तरीके से जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एचआईवी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर गंभीर बीमारी पैदा कर देता है। यह एक संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है इससे निपटने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना व समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा।

# संस्कारम यूनिवर्सिटी में स्टार नाइट विद मनकीरत आज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शनिवार को संस्कारम यूनिवर्सिटी में पंजाबी गायक मनकीरत औलख का लाइव शो आयोजित होने जा रहा है। जिसे लेकर पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। संस्कारम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित इस भव्य स्टार नाइट में मनकीरत औलख अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम का आरंभ सांय पांच बजे से होगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्कारम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन का बेहद अच्छा माध्यम बनेगा। विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों को कला, संगीत और रचनात्मकता से जोड़ने का कार्य कर रहा है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। आयोजन समिति, तकनीकी दल और स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल को आर्कषक रोशनी, आधुनिक साउंड सिस्टम और शानदार मंच सज्जा से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि यह संध्या सभी के लिए यादगार बन सके। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शैक्षणिक ज्ञान देने के साथ साथ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ संगीत और कला का समावेश अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही तत्व विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को पूर्ण बनाते हैं।



झज्जर। मनकीरत औलख, पंजाबी सिंगर।



झज्जर। आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करती पुलिस टीम।

### आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा धर्मनगरी बेरी के वार्ड नंबर आठ और नौ के निवासियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम और डायल 112 के प्रति जागरूक किया। एएसआई पवन कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को नशे की लत लग जाती है तो वह अपने परिवार और समाज से दूरी बना लेता है और अपने आप को अंधकार में धकेल देता है। जिससे व्यक्ति की आर्थिक और मानसिक स्थिति कमजोर हो जाती है। इसलिए नशे से बचे, नशे से दूर रहे और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आज का युग तकनीक युग है। इस युग में साइबर फ्रॉड होने से बचने के लिए किसी अनजान नंबर से आए हुए लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। तभी हम साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि आपातकालीन स्थिति में डायल 112 का प्रयोग करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### श्रमिकों के लिए एलपीजी उपलब्धता बढ़ने से मिली राहत

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज का दावा है कि एलपीजी उपलब्धता बढ़ने से औद्योगिक श्रमिकों को राहत मिली है। कोबी पदाधिकारियों के अनुसार उद्योगों में उत्पादन के लिए बेशक विभिन्न प्रकार की गैसों की उपलब्धता में कुछ कमी है, लेकिन कर्मचारियों के लिए एलपीजी गैस की उपलब्धता धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल आदि ने इस सिलसिले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए डीसी स्वप्निल रवींद्र पाटिल तथा एसडीएम अभिनव सिवाच का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के लिए छोटे एलपीजी सिलेंडरों की मांग भी लगभग पूरी की जा रही है। प्रवीण गर्ग ने कहा कि आपात स्थिति में कर्मचारियों का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता था। जिले में छोटे गैस सिलेंडरों की कोई विशेष कमी नहीं है। गैस एजेंसियों का भी सहयोग मिल रहा है।

# नेट परीक्षा में उत्तीर्ण हुई राधिका व दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की छात्रा राधिका ने हिंदी विषय तथा दिव्या ने इतिहास विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ महाविद्यालय भी गौरवांवित है।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा समेत अन्य स्टाफ सदस्यों ने राधिका और दिव्या को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उनके अनुसार यह सफलता दोनों छात्राओं के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। अन्य छात्राओं को इससे प्रेरणा मिलेगी। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार यह सफलता राधिका व दिव्या की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की।

राधिका और दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों व कॉलेज के सहयोगी वातावरण को दिया। दोनों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय की अन्य छात्राओं में भी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है।



राधिका और दिव्या

### मंदिर समाज के मूल्य और संस्कृति निर्माण की धरोहर

# उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने मंदिर समिति को दिए 2 लाख 22 हजार

- नीलकंठ मंदिर सेवा समिति को दो बार दिया एक लाख 11 हजार रुपये का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने एचएल सिटी स्थित नीलकंठ मंदिर सेवा समिति को मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 11 हजार रुपए का सहयोग दिया। वे पहले भी मंदिर कमेटी को 1 लाख 11 हजार रुपये दे चुके हैं। इस तरह वे अब तक मंदिर कमेटी को 2 लाख 22 हजार रुपए का सहयोग कर चुके हैं। खत्री ने कहा कि मंदिर समाज के मूल्य और संस्कृति निर्माण की धरोहर हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मंदिर समिति प्रधान रोहित, सचिव अशोक, जयकिशन, राजकुमार सहरावत, सतीश हुड्डा, कमलदीप, रविंद्र माथुर और जगदीप शर्मा आदि मौजद रहे।



बहादुरगढ़। समिति पदाधिकारियों को सहयोग राशि सौंपते अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि